भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1665

जिसका उत्तर 13 फरवरी, 2026 को दिया जाना है ।

24 माघ, 1947 (शक)

मंत्रालयों/विभागों की प्रमाणित गुणवत्ता वेबसाइट की स्थिति

1665. श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या **इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि कई सरकारी वेबसाइटों को प्रमाणित गुणवत्ता वेबसाइट (सीक्यूडब्ल्यू) का दर्जा प्राप्त हो चुका है, यदि हां, तो प्रमाणित वेबसाइटों के नाम, जारी करने वाले प्राधिकरण, जारी करने की तिथि और प्रत्येक प्रमाण पत्र की समाप्ति तिथि समेत तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सीक्यूडब्ल्यू प्रमाणन के लिए आवेदन करने वाले मंत्रालयों और विभागों की संख्या कितनी है और अनुरोध-कृत, संसाधित, स्वीकृत, अस्वीकृत और लंबित आवेदनों की मंत्रालय-वार और वर्ष-वार संख्या क्या है; और

(ग) क्या सरकार सभी सरकारी वेबसाइटों के लिए सीक्यूडब्ल्यू प्रमाणन का विस्तार, संशोधन या अनिवार्य करने का विचार रखती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)

(क) से (ग): कई सरकारी वेबसाइटों ने भारत सरकार की वेबसाइटों (जीआईजीडब्ल्यू) के लिए दिशानिर्देशों के अनुसार एसटीक्यूसी निदेशालय से सीक्यूडब्ल्यू प्रमाण पत्र प्राप्त किए हैं। 20.01.2026 तक, एसटीक्यूसी ने 150 सीक्यूडब्ल्यू प्रमाणन प्रदान किया है जिसमें केंद्र सरकार की 116 वेबसाइटें, 6 राज्य सरकार की वेबसाइटें, 14 पीएसयू वेबसाइट आदि शामिल हैं। जीआईजीडब्ल्यू के लिए एसटीक्यूसी द्वारा प्रमाणित वेबसाइटों का विवरण https://stqc.gov.in/en/certified-product पर उपलब्ध है।

8 आवेदनों को अस्वीकार कर दिया गया है क्योंकि वे जीआईजीडब्ल्यू दिशानिर्देशों का अनुपालन नहीं कर रहे थे।

सीक्यूडब्ल्यू (सर्टिफाइड क्वालिटी वेबसाइट) सर्टिफिकेशन एक स्वैच्छिक गुणवत्ता प्रमाणन योजना है जिसका प्रबंधन मानकीकरण परीक्षण और गुणवत्ता प्रमाणन (एसटीक्यूसी) निदेशालय द्वारा किया जाता है।

*****